हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 शहर में गणेश चतुर्थी की तैयारी शुरू, सज रहे ...



08 नेत्र दोष से पीड़ित छात्रों की जांच कर उनको...



## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई संपन्न

**नर्मदापुरम।** संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग-नर्मदापुरम, डॉ. मनीष वर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संभाग अंतर्गत जिलों से सभी संघों के संभागीय अध्यक्षों/सचिव अपने-अपने एजेंडे के साथ उक्त बैठक में उपस्थित हुये एवं उनके द्वारा अधिकारीयों/कर्मचारियों की निम्नलिखित बिन्दुओं पर लंबित प्रकरणों से अवगत कराया गया।

### स्काउट एवं गाइड की संभागीय बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** भारत स्काउट एवं गाइड की संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित भवानी शंकर शर्मा एवं अध्यक्षता डॉ मनीष वर्मा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम ने की। राज्य प्रतिनिधि के रूप में विनोद मालवीय हेड क्वाटर कमिश्नर स्काउट मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में स्काउटिंग की गतिविधियों, पंजीयन के उपरांत संभागीय स्काउट बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की गई विभिन्न गतिविधियों का संचालन कैसे किया जाएगा।

### 12 अगस्त 2025 को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में मिला था बाघ का शव

# वन्य प्राणियों की मृत्यु पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक व वन बल प्रमुख ने उठाए सवाल

बाघ या तेंदुओं की मृत्यु पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े ने खेद जताया है। तथा अंबाड़े ने टाइगर रिजर्व्स क्षेत्र संचालकों, मुख्य वन संरक्षकों व वन संरक्षकों को उक्ताशय के पत्र भी भेजे हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सहित अन्य टाइगर रिजर्व व वन क्षेत्र में बाघ या तेंदुओं की मृत्यु पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े ने खेद जताया है। तथा अंबाड़े ने टाइगर रिजर्व्स क्षेत्र संचालकों, मुख्य वन संरक्षकों व वन संरक्षकों को उक्ताशय के पत्र भी भेजे हैं।

20 अगस्त 2025 को जारी पत्र क्रमांक 253 में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े ने उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश में वन एवं वन्य जीव संरक्षण की दिशा में नियमित पेट्रोलिंग जारी है। लेकिन गत 20-25 दिनों में प्रदेश में 5-6 बाघों एवं तेंदुओं की मृत्यु हुई है। सुदृढ़ व्यवस्था के बाद भी इतने कम समय में बाघ या तेंदुओं की इतनी अधिक मृत्यु होना वन एवं वन्य जीव संरक्षण व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है। पत्र में अंबाड़े ने उल्लेख किया है कि एम स्ट्रिप्स तथा मानसून पेट्रोलिंग आदि के द्वारा निगरानी की जाती है। फिर भी बाघों की मृत्यु की जानकारी ना हो पाना व्यवस्था के अनुसार उचित नहीं है। अंबाड़े ने पत्र में उल्लेख किया है कि बालाघाट में जिस प्रकार से बाघ की मृत्यु के बाद वन अधिकारियों व कर्मचारियों ने गंभीर लापरवाही बरती है, वह अत्यंत ही अशोभनीय एवं खेद का विषय है। पत्र में अंबाड़े ने कहा है कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा वन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें कोई भी लापरवाही सहनीय नहीं। अंबाला ने पत्रांत में निर्देश दिया है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, इस पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें।

#### यह कैसा आपसी संघर्ष..??

वीएन अंबाड़े के पत्रानुसार पेंच व सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघों की मृत्यु उनके आपसी संघर्ष का परिणाम बताई गई। पत्र में अंबाड़े ने स्पष्ट किया है कि बाघों में संघर्ष के दौरान उनकी दहाड़ दूर तक सुनाई देती है। तब बाघ की मृत्यु की जानकारी अमले को न होना सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ न होने का संकेत है। अंबाड़े का यह पत्र 20 अगस्त 2025 को जारी किया गया है। जबकि हाल ही में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघ की मृत्यु हुई है, जिसे टेरिटोरियल फाइट के दौरान बुजुर्ग बाघ की मृत्यु बताया गया था। बता दें कि 12 अगस्त 2025 को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में बाघ का शव मिला था। और इसी दिन बाघ का अंतिम संस्कार किया गया था।

## नगर पालिका द्वारा शहर से हटाया जा रहा अतिक्रमण

### यातायात को सुगम बनाने की जा रही कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगरपालिका की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को नगरपालिका के अतिक्रमण दल के साथ पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर के एसएनजी स्कूल से लेकर एसपी आफिस तिराहा तक सड़क के दोनों ओर लगे फल एवं सब्जी के ठेलों के साथ ही अवैध रूप से रखे टपों को हटाया गया है। नगरपालिका द्वारा यह कार्रवाई निरंतर की जा रही है।

अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने की कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को एसएनजी स्कूल से लेकर एसपी आफिस तिराहा तक 50 फल सब्जी ठेले और सड़क के दोनों ओर रखे टपों को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान राजस्व शाखा के सुनील अवस्थी द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की गई साथ ही उन्हें समझाइश दी गई।

### माटी गणेश सिद्ध, गणेश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण संपन्न

**नर्मदापुरम।** जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा समस्त जिले में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को ₹माटी गणेश, सिद्ध गणेश कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

## विद्यार्थियों के प्रोफाइल क्रिएशन में गति लाई जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, बस्ती विकास योजना, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम सहित अन्य योजनाओं और अभियानों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए पात्र आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ प्रदान किया जाए।

उन्होंने विभागीय जांच प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन मामलों में जांच पूरी होकर प्रतिवेदन प्राप्त हो चुका है, उनमें अंतिम निर्णय पारित किया जाए। वहीं, ऐसे प्रकरण जिनमें संबंधित द्वारा जांच में सहयोग नहीं किया जा रहा हैं, उनमें जिला स्तरीय जांच समिति गठित कर शीघ्र जांच प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में जन सामान्य को तम्बाकू के हानिकारक प्रभाव की जानकारी और जन जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक, रैली, और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नर्मदा महाविद्यालय में शिविर के द्वारा लोगो को जागरुक किया गया, कार्यक्रम सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत और सिविल सर्जन डॉ.सुनीता कामले के निर्देशन में आयोजित हुआ। जागरूकता रैली के दौरान कोटपा एक्ट के बारे में बताया गया एवं 18 वर्ष से कम आयु वर्ग को तम्बाकू उत्पाद बेचना या बिकवाना अपराध की श्रेणी में आता है।

## माया नारोलिया ने भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोयम्बटूर से विधायक अक्का वानती श्रीनिवासन से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उनके दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने महिला सशक्तिकरण, संगठन की गतिविधियों तथा आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में महिला मोर्चा की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श हुआ। सांसद माया नारोलिया ने वानती श्रीनिवासन को अपना प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा और अधिक सशक्त हुआ है। इस मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिससे महिला मोर्चा की आगामी रणनीतियों को मजबूती मिलने की संभावना है।

## जनपद पंचायत नर्मदापुरम में पंचायत उन्नति सूचकांक प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




जिले में पंचायतों को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने का कार्य जिला कलेक्टर सोनिया मीना एवं जिला पंचायत सीईओ सुजान सिंह रावत की लगातार ग्रामों में दौरे ओर मोनिटरिंग के चलते पंचायतों की स्तिथियों में लगातार सुधार हुआ है लगातार जिले की पंचायतों को पुरस्कृत ओर सम्मानित भी किया जा रहा है ।

जनपद सीईओ रंजीत ताराम एवं परियोजना अधिकारी शैलेश उइके के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत नर्मदापुरम को विकसित करने विभिन्न योजनाओं के कार्य किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में संजय गांधी युवा नेतृत्व एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान पचमढ़ी के तत्वाधान में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 विमोचन कार्यक्रम एवं 2.0 पर डेटा प्रविष्टि हेतु जनपद पंचायत नर्मदापुरम में समस्त लाइन विभागों के सूचकांक की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि दर्ज कराने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## हड़ताल पर रहे नायब तहसीलदार, तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत दिनों प्रदेश के साथ-साथ जिले के समस्त नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। सभी नायब तहसीलदार एवं तहसीलदारों ने राजस्व अधिकारियों के मध्य शासन की योजनाओं के अनुरूप सुचारू रूप से कार्य संचालन किये जाने हेतु न्यायिक एवं गैर न्यायिक कार्य करने के निर्णय का विरोध जताते हुए 8 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। उनका यह कृत्य शासन की मंशा एवं नीतियों के विरुद्ध है जो अनुशासनहीनता के श्रेणी में आता है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी स्थाई निर्देश दिनांक 22 नवंबर 2006 के अनुसार शासकीय सेवक के हड़ताल, धरना तथा सामूहिक अवकाश के कृत्य म प्र , सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अनुसार कदाचार की श्रेणी में आते हैं।

उक्त स्थिति को देखते हुए नर्मदा पुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कर्तव्य स्थल से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने वाले जिले के नायाब तहसीलदार एवं तहसीलदार से कहां है कि उनका यह कृत्य मध्य प्रदेश सेवा सिविल आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1 )(2 )(3 ) के विपरीत होने के कारण कदाचार की श्रेणी में आता है तो क्यों ना आपके विरुद्ध अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अवधि दिनांक 8 अगस्त 2025 से दिनांक 17 अगस्त 2025 को मूलभूत नियम 17 ए के तहत समस्त प्रयोजन के लिए सेवा हरण (डाइज नान )करते हुए आपके विरुद्ध म प्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के प्रावधान अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

उल्लेखनीय है कि नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के द्वारा कर्तव्य स्थल से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होने से जिले में न्यायिक एवं गैर न्यायिक कार्य प्रभावित हुए एवं आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा है। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को कारण बताओ सूचना पत्र देने के निर्देश दिए हैं ।

### लापरवाही पर नपा के 4 कर्मचारियों पर कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** नगर पालिका के चार कर्मचारियों को शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने राजस्व वसूली के कार्य में लापरवाही बरतने, शासकीय कार्य में अनुशासनहीनता करने के चलते नगरपालिका के चार कर्मचारियों के निलंबन आदेश जारी किए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि एआरआई राजेश गोस्वामी, एआरआई मुकेश कदम, एआरआई मनोहरलाल केवट और भृत्य ओमप्रकाश डाबरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सोनी ने बताया कि उक्त कर्मचारियों द्वारा राजस्व वसूली, ई-केवाईसी, जनसुनवाई एवं बाजार व्यवस्थापन के कार्य में घोर लापरवाही की गई। बार-बार दिए जा रहे निर्देश की अवहेलना करना और अपने कर्तव्य में लापरवाही के चलते इन्हें निलंबित किया गया है।

## शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ मानसिक रोगों पर चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में मध्य प्रदेश शासन और उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग विषय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं । जिसमें मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श मुख्य रहे ।प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र कल्याण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, जीवन कौशल विकसित करना, सकारात्मक दृष्टिकोण और शिक्षा संस्थानों को नशा मुक्त करना है ताकि विद्यार्थी स्वस्थ जीवन शैली अपना सकें ।सत्र के मुख्य वक्ता जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ धनेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हर तीसरा व्यक्ति मानसिक बीमारी से पीड़ित है इस समस्या को हमें छुपाना नहीं बताना चाहिए ,साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इसके पश्चात क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ नाजिया सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को मानसिक रोगों के बारे में बताया ।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मनहित अप और जस्ट आस्क चैट बोर्ड की जानकारी एवं उनके उपयोग के संबंध जानकारी दी।

### भारत निर्वाचन आयोग दल के भ्रमण को लेकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का दल 28 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक नर्मदापुरम जिले के भ्रमण पर रहेगा। आयोग के दल के इस भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए हैं। ताकि भ्रमण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा सकें। उक्त संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने उत्तरदायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें।

## नपा ने एनएमवी कॉलेज के पास चलाया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा समूचे नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर के नाले नालियों की सफाई कर बारिश के पानी की निकासी की जा रही है।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। एनएमवी कालेज के सामने, लोक निर्माण विभाग कार्यालय के पास और वन विभाग के कार्यालय के सामने बड़ी नाली है जिसमें बारिश के पानी के साथ बहकर आई मिट्टी जमा हो गई थी। जिससे वहां की जल निकासी अवरूद्ध होने के कारण पोकलेन की मदद से सफाई कराई गई। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक, फसलों के लिए लाभकारी वर्षा

## जिले में जमकर बरसे बदरा: औसत वर्षा पहुंची 1021.4 मिमी, पिछले साल से अधिक दर्ज हुई अब तक बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में मानसून इस वर्ष सामान्य से बेहतर रहा है। 1 जून 2025 से लेकर आज दिनांक 22 अगस्त की सुबह 8 बजे तक जिले में 1021.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं, गत वर्ष इसी अवधि में 940.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। इस प्रकार जिले में इस वर्ष अब तक 81.4 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

लगातार अच्छी वर्षा के कारण जिले की नदियों-नालों में पानी की आवक बनी हुई है। किसानों के खेतों में फसलें भी लहलहा रही हैं। विशेषकर धान, सोयाबीन और मक्का जैसी खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिलने से उत्पादन की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। बारिश से पचमढ़ी, तवा डैम एवं सेठानी घाट जैसे पर्यटन स्थलों का सौंदर्य और बढ़ गया है। इन स्थानों पर छुट्टियों के दिनों में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिल रहा है।



#### पिछले वर्ष इस अवधि में हुई थी 940 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 22 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1021.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 940.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 21 अगस्तर से 22 अगस्तर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 5.6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 9.0 मिलीमीटर, इटारसी में 12.2 मिलीमीटर, माखननगर में 5.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 9.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 4.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 1.8 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 25.4 एवं तहसील डोलरिया 3.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 944.00 फीट है, तवा जलाशय का 1163.30 फीट है, बरगी जलाशय का 420.55 मीटर एवं बारना जलाशय 420.55 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## समेरिटंस के खिलाड़ियों ने जूडो की संभागीय स्पर्धाओं में रचा इतिहास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाल ही में आयोजित संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में समेरिटंस विद्यालय के खिलाड़ियों ने एक दर्जन स्वर्ण पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया। प्रतियोगिता में शताक्षरी दीक्षित, अर्नवी मिश्रा, पूर्वी यादव, आराध्या चंद्रवंशी, प्रशस्ति कदम, विनय आसरे, अभय राजपूत, दक्ष धुर्वे, शिवांश मालवीय, शुभांशु यादव, अनिरुद्ध विश्वास, तनिष्ठा यादव ने स्वर्ण पदक अर्जित किए। जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, विकासखंड खेल अधिकारी बख्तावर खान, राजेंद्र नामदेव, विद्यालय की संचालन समिति सदस्यों, प्राचार्य प्रेरणा रावत, क्रीडा अधिकारी सचिन खंपारिया, कोच वैशाली तिवारी ने बच्चों को बधाई देते हुए शुभकामना दी।

## खबर संक्षेप

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा पोला उत्सव

**बैतूल।** वर्तमान में पोला जैसा पर्व युवा पीढ़ी भूलती जा रही है। जिसे जिंदा रखने का जिम्मा कोल्हे परिवार ने विगत 108 वर्ष से सतत उठाया हुआ है। स्व.रतनलाल साहू (कोल्हे) की स्मृति में गंज में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पोला उत्सव धूमधाम आज शनिवार धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में समिति के नरेश चन्द्र साहू ने बताया कि सबसे अच्छी बैल जोड़ी, को एक विशेषज्ञ ट्रॉफी तंदुरुस्त जोड़ी पर एक विशेष ट्रॉफी और अच्छी सजावट के लिए 5 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। शिवदयाल साहू और दीक्षांत साहू ने बताया कि तोरण एवं नंदी का पूजन शाम 6 बजे किया जाएगा। राजा साहू और पूरन साहू कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, शिक्षाविद मोहन नागर, नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, मनीष सिंह ठाकुर, राजेंद्र किलेदार, अलकेश आर्य, राजीव खंडेलवाल, श्रीचन्द हिराणी, रहमान खान, विजय सिंह चौहान, दीपक सलूजा, आनंद प्रजापति, शंकर पेंद्राम, प्रवीण गुगनानी, भगवती अग्रवाल, दीपक कपूर को आमंत्रित किया गया है। बैठक में व्यापारी संघ, बैतूल टेंट एसोसिएशन, आशीष साहू, मां कर्मा साहू समाज नगर समिति और पोला उत्सव समिति ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत कार्यशाला आज

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में बैतूल जिले में परिषद द्वारा मिट्टी से गणेश जी की इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला भारत भारती आवासीय प्राथमिक विद्यालय, जामठी में 23 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे से प्रारंभ होगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्लास्टर ऑफ पेरिस की बजाय मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने हेतु प्रेरित करना है, जिससे प्रकृति और परंपरा का संरक्षण हो।

### जनपद सभागृह में संपन्न हुईं शांति समिति की बैठक

**शाहपुर।** थाना शाहपुर अंतर्गत श्रीगणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व विधायक मंगल सिंह धुर्वे, एसडीएम शाहपुर, एसडीओपी शाहपुर, तहसीलदार शाहपुर, टीआई शाहपुर, सीईओ जनपद शाहपुर, नगर परिषद, एमपीईबी के अधिकारी, आयोजन सदस्य, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसमें डीजे संचालक, टेंट हाउस संचालकों को विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा तथा उत्सव समिति के सदस्यों को वॉलिंटियर के निर्देश दिए गए।

### आस्था पर महंगाई: इस बार 20-30 फीसदी बढ़े गणेश प्रतिमाओं के दाम

# शहर में गणेश चतुर्थी की तैयारी शुरू, सज रहे विनायक के पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रथम पूज्य भगवान गणेश का दस दिनी उत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा। जिसे लेकर शहर में तैयारी शुरू है। मूर्तिकार प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे हैं। मूर्तिकारों ने इस साल दो से नौ फुट तक की सबसे ज्यादा प्रतिमाएं तैयार की हैं क्योंकि इनकी सबसे ज्यादा मांग है। इस बार गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को है। कलाकारों के अनुसार सहायक सामग्री के दाम में वृद्धि होने से प्रतिमा की कीमत 20-30 फीसदी बढ़ गई है।

मूर्तिकार बताते हैं कि परिवार के साथ पिछले कई सालों से मूर्तियां बना रहे हैं। मांग के चलते तीन-चार महीने पहले ही काम शुरू कर देते है। गौरतलब रहे कि शहर में एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना होती है। जहां गणेश पंडालों के निर्माण का कार्य भी गणेश उत्सव समितियों ने शुरू कर दिया है। कोठीबाजार, गंज क्षेत्र, सदर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गणेश उत्सव समितियों द्वारा विशेष साज-सज्जा की जा रही है। वहीं घर-घर में उत्सव मनाने के लिए श्रद्धालु भी तैयारी में जुट गए हैं। गणेशोत्सव को लेकर युवाओं में खासा उत्साह भी बना हुआ है।



**20 से 30 फीसदी बढ़े प्रतिमाओं के दाम:** इस साल सामग्रियों के दाम बढने से प्रतिमाएं भी महंगी हुई है। मूर्तिकारों का कहना है कि प्रतिवर्ष प्रतिमा बनाने में उपयोग की जाने वाली सामग्री के दाम 10-15 प्रतिशत बढ़ जाते है। इसलिए उन्हें मजबूरी में प्रतिमाओं को भी महंगी कीमतों में बेचना पडता हैं। इस साल मिट्टी, रंग, धान, भूसा, लकडी, बारदाना, ब्रश, गोंद सहित अन्य सामग्रियों के दामों में इजाफा हो गया हैं। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के बनाने पर प्रतिबंध है। ऐसे में मिट्टी की ही प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। इस बार मूर्ति बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में मिट्टी भी नहीं मिल पाई। ऊपर से रंग सहित अन्य सामग्रियों के भी दाम बढ़ गये है। जिससे प्रतिमाओं की कीमतों में बढ़ोत्तरी हुई है।

### पीओपी की प्रतिमा बिक्री पर रहेगी नजर

पीओपी की प्रतिमाओं की बिक्री पर प्रतिबंध है। ऐसे में नगरपालिका भी सतर्क हो गई है। नगरपालिका द्वारा पीओपी की प्रतिमाएं न बिके इसके लिए टीम गठित की गई है, जो प्रतिमाओं की जांच करेगी। बता दे कि सरकार ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियां बनाने और बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोई भी मूर्तिकार यदि इन मूर्तियों को बेचते पाया गया तो उनके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। गणेशोत्सव नजदीक आते ही अब अधिकारियों की नजर भी मूर्तिकारों पर बनी हुई हैं। नगरपालिका के अधिकारी बाजारों में भी घुमकर प्रतिमाओं का चेक करेंगे और देखेंगे कि मूर्तियां मिट्टी की है या पीओपी से बनाई गई है। मूर्तिकारों ने पहले भी निर्देश दिए है कि खेत बनाने के लिए मिट्टी का उपयोग करें, अन्यथा कार्रवाई होगी।

### माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान चालू, दिया जा रहा प्रशिक्षण

*मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चलाए माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मिट्टी से गणेश जी की इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें भगवान गणेश की मिट्टी से सुंदर और आसान प्रतिमाएं बनाने की प्रक्रिया सिखाई जा रही है। इस अभियान के तहत प्रतिभागियों को न केवल मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के संदेश से भी जोड़ा गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि आगामी गणेशोत्सव में घर-घर मिट्टी के गणेश विराजें और विसर्जन भी पर्यावरण हितैषी ढंग से हो, जिससे परंपरा और प्रकृति दोनों का संरक्षण हो सके। इसके अलावा परिषद का प्रशिक्षित नेटवर्क गांव-गांव में लोगों को मिट्टी से गणेश जी की इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित कर रहा है।*

#### इनका कहना है

*पीओपी की मूर्ति न बिके, इसके लिए जांच की जा रही है। मूर्तिकारों को भी मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने के लिए कहा गया है। वैसे ज्यादातर लोग बाहर से प्रतिमा खरीदकर लाते है और बेचते है। यदि कोई भी पीओपी की प्रतिमा बेचता पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाही करेगे।*

*- **ब्रजगोपाल परते**, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नगरपालिका बैतूल*

### शाहपुर से मां के भक्तों का दल पदयात्रा कर सलकनपुर रवाना

**शाहपुर।** नगर के भक्तों का दल मां बिजासन के मंदिर सलकनपुर के लिए रवाना हुआ। इस पैदल यात्रा दल में हीरापुर, चोपना बटकीडोह, शाहपुर, सिलपट्टी कोटमी, भयावाड़ी देसावाडी, कुंडी आदि ग्राम के लोग इसमें शामिल हुए। पदयात्रा दल के प्रमुख ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा बताया गया कि यह दल सन 2000 से माता रानी के यहां पर पैदल यात्रा करके पहुंचते हैं। इसमें इस वर्ष लगभग 200 भक्त शामिल हुए हैं और उनकी पदयात्रा का या 26 वाँ वर्ष है। वहां पर पहुंचकर माता रानी के चरणों में झंडा समर्पित करते हैं। मां माचना नदी के पवित्र जल से माता रानी का अभिषेक करते हैं। यह दल हरतालिका तीज के दिन सलकनपुर पहुंचेगा। वहां पर माता रानी का अभिषेक होगा। भक्तों के उत्साह में कमी नहीं होती। हर साल भक्तों का दल नाचते हुये और जय माता दी के जयकारे लगाते हुए, माता की भक्ति में झूमते हुए पदयात्रा करते हुए सलकनपुर जाते हैं। माता रानी से गांव, शहर, नगर के लिए सुख समृद्धि और शांति के लिए कामना करते हैं।



### सालीमेट गांव में दिखे पगमार्क

# भौरा रेंज में बाघ के मूवमेंट से दहशत, ग्रामीणों किए अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल के उत्तर वन मंडल की भौरा रेंज में टाइगर के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से सटे गांव सालीमेट में चार दिन पहले टाइगर के फुट प्रिंट मिलने के बाद वन विभाग ने आसपास के ग्रामों में ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्हें रात में आग जलाने और अनावश्यक रूप से न घूमने की सलाह देते हुए एहतियात बरतने को कहा गया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत सालीमेट के बोडीपानी गांव में टाइगर जंगली सुअरों का पीछा करते हुए मक्के के खेत तक पहुंच गया। किसान लक्ष्मीनारायण यादव और रामभरोसे यादव ने बताया कि खेत में अचानक टाइगर को देख लोग भयभीत हो गए। गांव यादव बाहुल्य है और अधिकांश परिवार गाय-भैंस जैसे पशुधन पालते हैं, जो घरों के बाहर बंधे रहते हैं। ग्रामीण जगदीश यादव का कहना है कि ऐसे में पशुधन पर हमले का खतरा और बढ़ गया है। ग्रामवासी विजय उइके ने बताया कि इस बारे में वन विभाग को सूचना दी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि जान-माल का नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। वन विभाग के रेंजर बृजेश तिवारी ने बताया कि सालीमेट गांव जंगल से लगे हुए हैं और पास ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व है, इसलिए टाइगर का यहां आना स्वाभाविक है। जानकारी मिलते ही टीम को अलर्ट कर दिया गया है और कई जगहों पर पगमार्क भी मिले हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में अनाउंसमेंट के जरिए लोगों को सतर्क किया जा रहा है। ग्रामीणों को खेतों में अकेले न जाने और पशुधन को सुरक्षित स्थानों पर बांधने की सलाह दी गई है। वन विभाग की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है ताकि किसी तरह की जनहानि न हो।

# टीम ने अष्ट विनायक वेयर हाऊस पहुंचकर की जांच

### प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष करेंगे प्रस्तुत

खबर का असर

**बैतूल।** अष्टविनायक वेयर हाऊस आठनेर में विगत दिनों की गई मूंग खरीदी में हेराफेरी की खबर हरिभूमि अखबार में 20 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। इस खबर को संज्ञान में लेकर जिला कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र सूर्यवंशी द्वारा जिला स्तीय टीम गठित की गई। जिसमें कृषि विभाग के उप संचालक, एसडीएम एवं जिला विपणन अधिकारी शामिल है और टीम द्वारा शुक्रवार को अष्टविनायक वेयर के स्टेक नंबर 4 और स्टेक नंबर 8 में रखे गये मूंग के बोरे की जांच की गई। एपीसी समूह के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस जांच के बाद प्रतिवेदन कलेक्टर बैतूल को सौंपा जा रहा है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाही की जायेगी। गौरतलब रहे कि पिछले दिनों आठनेर क्षेत्र के किसानों ने अष्ट विनायक वेयर हाऊस आठनेर में मूंग की खरीदी में हेराफेरी की शिकायत की थी। जिसके बाद स्थानीय अधिकारी एवं प्रशासन ने जांच की कार्रवाही की।

### बगडोना कॉलेज में मनाया गया विष्णु सिंह उइके स्मृति दिवस

# आजादी की लड़ाई में सरदार विष्णु के सराहनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: प्राचार्य

**सारणी।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय बगडोना में शुक्रवार को सरदार विष्णु सिंह उइके स्मृति दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आजादी की लडाई में सरदार विष्णु सिंह उइके के नेतृत्व में हुए आंदोलन एवं जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह एवं प्राचार्य डॉ प्रदीप पन्द्राम ने सरदार विष्णु सिंह की प्रतिमा के समक्ष प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को



सम्बोधित करते हुए जभास अध्यक्ष एवं सतपुड़ा के गुमनाम शहीद पुस्तक के लेखक कमलेश सिंह ने कहा कि आजादी की लडाई में सरदार विष्णु सिंह जैसे जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। सन 1942 में हुए अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के समय सरदार विष्णु सिंह ने आज ही के दिन 5 हजार आदिवासियों के साथ ब्रिटिश हुकूमत को ललकारने का काम किया था। उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी जो बाद में प्रिव कौंसिल में अपील के बाद आजीवन कारावास में तब्दील हो गई थी। देश आजाद होने तक वे जेल में रहे और ब्रिटिश सरकार के अत्याचारों का डंटकर मुकाबला किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रदीप पन्द्राम ने कहा कि विष्णु सिंह हमारी माटी के सच्चे सपूत और इस देश के गौरव थे यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि इस महाविद्यालय का नामकरण उनके जैसे महान विभूति के नाम से किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक छत्र छात्राओं ने सरदार विष्णु सिंह उइके की जीवनगाथा पर प्रकाश डाला एवं कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्रधायपक अर्चना राठौर ने किया।



### जुर्माने की भी कार्रवाई की

# सिंगल यूज पालीथिन के खिलाफ नगरपालिका ने चलाया अभियान

**बैतूल।** नगरपालिका टीम ने शुक्रवार को सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान नपा टीम ने सिंगल यूज पॉलीथिन की जब्ती करने के साथ-साथ दुकानदारों पर जुर्माने की भी कार्रवाही की है। बताया जाता है कि नपा टीम ने गंज और कोठी बाजार क्षेत्र में 25 से 30 किलो सिंगल प्लास्टिक जप्त की गई और 16,700 का जुर्माना किया गया। नपा अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी।

### आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ की बैठक कल

**बैतूल।** जिले के समस्त अतिथि शिक्षकों को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ की ओर से साधुवाद कल रविवार को कर्मचारी भवन में 12 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। जिसमें अनुभव आधारित अतिथि शिक्षकों की एक सूची जो लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मांगी गई है को जमा कर सभी अतिथि शिक्षको के अनुभव प्रमाण पत्र जमा किए जाना है। जिसके लिए सभी अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैतूल ब्लॉक अध्यक्ष यमन जाधव ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर के सीपवार की अध्यक्षता में गुरु दक्षिणा का कार्यक्रम 5 सितंबर को भोपाल की धरा पर रखा गया है। जिसमें समस्त जिले एवं अन्य सभी जिले के अतिथि शिक्षक उपस्थिति होंगे। आंदोलन एक ऐतिहासिक आंदोलन बने अब हम अपने लक्ष्य के बहुत करीब है क्योंकि आपका संख्या बल हमें हमारे लक्ष्य के और करीब ले जाएगा इस बार जीत निश्चित है आप इस बार स्वयं अपने आप से संकल्प करें। जिला अध्यक्ष प्रमोद जागरे ने जिले के सभी अतिथि शिक्षकों से उपस्थित होने की अपील की है।

### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर 25 से 28 अगस्त तक देंगे प्रशिक्षण

# आदि कर्मयोगी अभियान से जिले के 554 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों की बदलेगी तस्वीर

**कलेक्टर ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को अभियान की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में प्रारंभ किए गए आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में सुशासन का प्रभावी सिस्टम लागू करने, इन क्षेत्रों में योजनाओं की सेचुरेशन, विकास कार्यों की जन आधारित प्लानिंग और समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किए जाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया गया है। जनजातीय क्षेत्रों में जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आदि कर्मयोगी अभियान केंद्र सरकार की अभिनव पहल है। इस अभियान से जिले के 554 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों की तस्वीर बदलेगी। इस अभियान में राष्ट्रीय मिशन विशेष रूप से पीएम जन मन और धरती आबा योजना के माध्यम से जमीनी स्तर पर जनजातीय वर्ग में आमूलचूल परिवर्तन आएगा।

**जिले के ग्रामों में आदि सेवा केंद्र होंगे स्थापित:** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी तथा आदि साथी के माध्यम से अभियान क्रियान्वित होगा। जिले के विभिन्न विकास संबंधी विभागों के जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कर्मचारी आदि कर्मयोगी होंगे। इसी प्रकार ग्रामों के स्थानीय अध्यापक, चिकित्सक एवं युवा आदि सहयोगी कहलाएंगे जिनका चयन ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार क्षेत्रीय स्व सहायता समूह की महिलाएं जनजातीय वर्ग के बुजुर्ग एवं वालंटियर का आदि साथी के रूप में चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन, ग्रामीण स्तरीय विजन प्लान-2030 का निर्माण, योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आदि सेवा केन्द्र की स्थापना एवं इन क्षेत्रों में एक घंटे की साप्ताहिक जनसुनवाई किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



### प्रति सप्ताह अभियान की होगी नियमित समीक्षा: सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि जिला स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन के लिए 7 जिला स्तरीय एवं प्रत्येक विकासखंड में 5 मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया गया है। इसके अलावा अभियान में गैर सरकारी संगठन भी शामिल रहेंगे, जो फील्ड पर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। उक्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा 25 अगस्त से 28 अगस्त तक ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर अपने अधीनस्थ को ट्रेनिंग देंगे। प्रशिक्षण के पश्चात दल में शामिल सहयोगी और साथी विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्राम में विकास की प्लानिंग बनाएंगे। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर जनजातीय गौरव दिवस तक अभियान में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत ट्रेनिंग के उपरांत जिला स्तर पर प्रति सप्ताह अभियान की नियमित समीक्षा की जाएगी।

### जनजातीय परिवारों को विभिन्न योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

*आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बैतूल जिले के 554 गांवों को शामिल किया गया है। जिनमें जनपद पंचायत भीमपुर के 109 ग्राम, भैंसदेही के 71 ग्राम, आठनेर के 51 ग्राम, बैतूल के 62 ग्राम, चिचोली के 42, घोड़ाडोंगरी के 86, शाहपुर के 66 ग्राम, मुलताई 9 ग्राम, प्रभात पट्टन के 26 ग्राम एवं आमला के 32 ग्राम सम्मिलित है। योजना का उद्देश्य चयनित जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में जनजातीय परिवारों के लिए 18 विभागों मंत्रालयों की 25 योजनाओं मकान, सडक़, पेयजल, होमस्टे, विपणन केंद्र, उज्ज्वला योजना, मोबाइल, मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी, पोषण वाटिका, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, छात्रावास, बिजली एवं सोलर कनेक्शन, 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी, राशन कार्ड, पीएम जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान कार्ड से शत-प्रतिशत संतृप्ति की जाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। सफल क्रियान्वयन के लिए चयनित ग्रामों की, बसाहटों में व्यक्ति हितग्राही मूलक अधोसंरचना संबंधी सर्वे के लिए ग्रामवार पंचायत सचिव, पीसीओ, रोजगार सहायक, उपयंत्री, शिक्षक, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम सर्वे दल का गठन जिला स्तर से किया गया है।*

### जिले में संचालित 91 बहुउद्देशीय सहकारी समिति एवं विपणन समिति

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर उत्सव मेला प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सहकारिता विभाग बैतूल द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर ग्राम साकादेही स्थित राज्य बीज सहकारी संघ वेयर हाऊस में उत्सव मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बैतूल जिले में संचालित 91 बहुउद्देशीय सहकारी समिति एवं विपणन समिति के प्रबंधक व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल रहे।




इस अवसर पर वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ कीर्ति कुमार शिव उपायुक्त सहकारिता विभाग बैतूल, सहायक संचालक कृषि अधिकारी बैतूल, कृषि वैज्ञानिक श्री तिवारी, श्री मीणा सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकी विभाग बैतूल एवं संतोष रघुवंशी क्षेत्री प्रबंधक इफको द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सहकारिता एवं कृषि आधारित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त सहकारिता विभाग बैतूल द्वारा समितियों के उत्थान हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी तो वही सहायक संचालक कृषि विभाग बैतूल द्वारा सरकार की योजना को समिति के माध्यम से कृषकों तक सत प्रतिशत पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक श्री तिवारी ने उन्नत कृषि एवं जैविक उर्वरक की जानकारी साझा की। साथ ही उक्त कार्यक्रम में श्री ग्रेवाल जिला विपणन अधिकारी बैतूल, श्री मीणा सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकी विभाग बैतूल, संतोष रघुवंशी क्षेत्रीय प्रबंधक इफको, गौरव पाटीदार जिला अधिकारी इफको द्वारा अपने अपने विभाग की जानकारियां समिति के कर्मचारी अधिकारियों से साझा की। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग द्वारा मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें समितियां द्वारा उत्पादित सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग बैतूल के सीएल डोंगरे, सुरेश बरथे, मनोज खत्री, पूनम सिंह, राजेश वडयालकर, पीसी गवले, सोनम जूनानिया आदि उपस्थित थे।

## कॉलेज में गत दिवस दिया गया मिट्टी से श्री गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण

# 'हर घर माटी गणेश' अभियान में दिया मिट्टी की प्रतिमा बनाने का संदेश

मप्र जन अभियान परिषद व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प अनुसार इस वर्ष मप्र में गणेशोत्सव पर माटी के श्री गणेश की स्थापना की जाएगी। जिसके लिए गत दिवस पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में मिट्टी से श्री गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




प्रदेश स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, नवांकुर सखियां तथा प्रतिनिधि, सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे। इसका उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित व सुरक्षित रखना है। वर्कशॉप में बताया गया कि पीओपी की बनी मूर्तियों से पर्यावरण को नुकसान होता है व प्रतिमा विसर्जन के बाद जल व जलीय जीवों को नुकसान होता है।

प्रशिक्षण दौरान अतिथि रूप में कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल, प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, एमबीए प्राचार्य डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. अभिषेक चौहान, मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, पवन सहगल उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बीसी किशोर कड़ोले व सोहागपुर नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अभिनव पालीवाल के सहयोग से संपन्न हुआ।

### भेंट की मूर्तियां

श्री गणेश की मिट्टी से बनाई गई मूर्तियों को प्रशिक्षण उपरांत मेंटर्स ने सभी अतिथियों को भेंट स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव ऋषभ गढ़वाल, कमल किरार, संदेश मिश्रा, गजेंद्र ठाकुर, मंजू पवार, निशा चौरसिया आदि ने सहयोग किया। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्थान सोहागपुर मित्र संघ समिति, निर्मल विकास सेवा समिति एवं नवरंग सेवा समिति के सभी साथी इस दौरान उपस्थित रहे।

## माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण संपन्न, पर्यावरण सुरक्षा के लिए उठाए जरूरी कदम

माखन नगर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर जन अभियान परिषद नर्मदा पुरम के द्वारा समस्त जिले में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत जिले में 35000 घरों तक माटी गणेश की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है इसी क्रम में आज मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड माखन नगर द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को ₹माटी गणेश – सिद्ध गणेश₹ कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत अतिथि लालचंद यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी, जिला समन्वयक पवन सहगल, मनीष चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष, विपिन यादव मंडल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार झा अध्यक्ष सरपंच संघ, संभाग समंवयक कौशलेश तिवारी, जिला समंवयक पवन सहगल एवं प्रो आईएस कनेस द्वारा भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना से हुई। तत्पश्चात नर्मदा समग्र के प्रशिक्षक राकेश कीर एवं रक्षा मीना ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया। जिला समंवयक पवन सहगल ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। संभाग समंवयक कौशलेश तिवारी ने बताया कि अपने अपने ग्राम में ग्रामवासियों माटी गणेश के बारे में अवगत कराये। लोगों को जागरुक करें। आने वाली गणेश चतुर्थी पर माटी गणेश जी की प्रतिमा विराजित करने का आग्रह करें। सभी अतिथियों ने भी माटी गणेश, सिद्ध गणेश कार्यक्रम पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार की गई गणेश प्रतिमाएं जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष लालचंद यादव को भेंट की गईं। यह प्रशिक्षण पंडित माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक श्री कौशलेश प्रताप तिवारी, जिला समन्वयक श्री पवन सहगल, ब्लॉक समन्वयक नरेन्द्र देशमुख, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि विपिन यादव, नीतिराज सिंह यादव, नीरज चतुर्वेदी, जितेंद्र मीना, मेंटर सुरेश यादव, हरीश नामदेव, पूनम मीना, दिनेश शर्मा, बड़ी संख्या में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यगण एवं एम.एस.डब्ल्यू. के छात्र-छात्राये उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन राकेश कीर एवं आभार प्रो आईएस कनेस द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों के साथ माटी गणेश, सिद्ध गणेश के नारे के साथ जन जागरुकता रैली निकाली गई।

# खाद के लिए परेशान किसानों ने किया चक्का जाम, तहसीलदार के आश्वासन देने पर माने

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



15 दिन से किसान खाद के लिए डबल लॉक गोदाम के चक्कर काट रहे है किसानों का कहना है गोदाम प्रभारी विजय चौहान नेताओं के फोन पर यूरिया बांट रहा है किसान 10 दिन से लाइन में लगे हैंएक किसान ने बताया उसके पास 14 अगस्त का टोकन है यूरिया एवम डी ए पी मिलना है लेकिन गोदाम प्रभारी विजय चौहान डी ए पी दे रहे हैं यूरिया का मना कर रहे हैं कहते है 200 बोरी बचा है किस किस को दें कई किसान टोकन लेकर घूम रहे हैं लेकिन यूरिया नही मिल पा रहा है किसान रेवा शंकर ने बताया 5 दिन पहले 6 ट्रक यूरिया आया था गोदाम प्रभारी बताएं किस-किस को बांटा है किसानों का कहना है अधिक दाम में रात में यूरिया दिया जा रहा है किसानों ने नारेबाजी की तो गोदाम बंद कर दिया गया किसान नाराज होकर आरी तिराहे पर सड़क पर बैठ गए और ढाई घंटे तक जाम लगाए रहे दोनों तरफ वहां की लाइन लग गई शासन प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे मौके पर तहसीलदार अंकित मौर्य एवं टी आई मदनलाल पवार पहुंचे। तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि सोमवार से प्रशासन की निगरानी नियम से खाद वितरण कराया जाएगा किसानों ने आश्वासन पर जाम हटा लिया उसके बाद किसान गोदाम पर पहुंच 7:30 बजे खबर लेकर जाने तक उपलब्ध खाद में से एक एक बोरी किसानों को दी जा रही किसानों ने गोदाम प्रभारी विजय चौहान को हटाने की मांग की है।

## 6 लाख से अधिक की आय वाले भी पीडीएस का राशन लेने वाले 8 लोगो को नोटिस जारी

पिपरिया। मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार के माध्यम से पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में 285 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 165 लोग जिनकी वार्षिक आ आआय 6 लाख रुपए से अधिक है। फिर भी वह पीडीएस मेंवितरण प्रणाली में निशुल्क राशन ले रहे थे। जिनमें कुछ वी,पी,एवं कार्ड धारक हैं तो कुछ अनुसुचित जाति जनजाति के पर्ची धारक लोगहै।सुत्रो से प्राप्त जानकारीके अनुसार ग्रामपंचायत वीजनबाडा की राशन दुकान में अभी शासन ने लगभग 8 लोगो को चिन्हित किया गया है। जिनके नाम शासन से नोटिस जारी किए गए हैं। जिनमें शिक्षक के परिवार एवं अन्य लोग भी नौकरी परहैं। फिर भी मुफ्त का राशन ले रहे थे। जिनके पास राशन दुकानों के माध्यम से नोटिस जारी किया जा चुका है। आयकर विभाग भी अब ऐसे लोगों को कोईसुविधा नहीं मिले इसका ध्यान रखेगा।

# सांदीपनि विद्यालय में डिजिटल शिक्षा की पहल की हुई प्रशंसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा के सांदीपनि विद्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय डिजिटल शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित विषय की ऑनलाइन व इंटरैक्टिव शिक्षा की जानकारी दी गई।

यह कार्यक्रम मुस्कान ड्रीम्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय में आधुनिक इंटरेक्टिव पैनल स्थापित किए गए हैं। इनकी मदद से छात्र अब डिजिटल माध्यम से कठिन विषयों को भी सरल और रोचक तरीके से सीख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र इस पहल की सीधी निगरानी करेगा और शिक्षण का रिकॉर्ड सुरक्षित रखेगा।कक्षा 8 की छात्रा अनुष्का ने उत्साहित होकर कहा –"पहले गणित समझने में कठिनाई होती थी, लेकिन अब स्क्रीन पर सवाल हल होते देखकर बहुत आसानी से समझ आ रहा है। कक्षा 10 के छात्र राहुल ने कहा कि डिजिटल क्लास से पढ़ाई मजेदार लग रही है। अब हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी बेहतर ढंग से कर पाएंगे। अभिभावकों की प्रतिक्रिया विद्यालय पहुंचे अभिभावक सुनील मालवीय ने कहा यह बहुत अच्छी पहल है।

## आंगनबाड़ियों में बच्चों की बैठक के लिए कुर्सी एवं चटाई का हुआ वितरण

पिपरिया। जनपद पंचायत के अंतर्गत लगभग 188 आंगनसाडी केदर है। बच्चों को कोई व्यवस्था नहीं है। लेकिन अभी परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि लगभग 116 प्लास्टिक की छोटी-छोटी कुर्सियां और चटाई भेजा गया है। संख्या कम होने पर सभी सुपरवाइजर को सामग्री सौंपा गया है। केंद्र की संख्या अधिक है लेकिन पर्याप्त मात्रा में नहीं है। लेकिन फिर भी कहीं अटल पालको के माध्यम से से तो कहीं समाज सेवा संगठन के मुताबिक संचालित करने वाले हैं। प्रशासन ने पहली बार यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## बार-बार केबल बर्स्टिंग से हो रही बिजली ट्रिपिंग

सोहागपुर। शहर में बार-बार होती बिजली ट्रिपिंग समस्या का बड़ा कारण पुरानी हो चुकी केबल्स भी हैं। जो बार-बार लोड बढ़ने पर बर्स्ट हो रही हैं। गत दिवस नगर के गौतम वार्ड क्षेत्र में स्टेट बैंक के पीछे की कॉलोनी में भी बिजली के पोल से एक घर तक की केबल बर्स्ट हो गई। जिसके कारण काफी देर तक क्षेत्रवासी परेशान हुए। शुक्रवार को बिजली कंपनीकर्मी केबल बदलने पहुंचे। हरिभूमि ने कर्मियों से चर्चा की, तो उन्होंने बताया कि गुरुवार रात को पूरी केबल बर्स्ट हो गई थी। रात्रि में केबल को नहीं बदला गया। अतः शुक्रवार को केबल बदली गई है। इधर सूत्र बताते हैं कि शहर के कई क्षेत्रों में पुरानी हो चुकी केबल्स या तो जल रही हैं या यकायक बर्स्ट हो रही हैं। जिसके कारण ट्रिपिंग की समस्या का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि किसी समय शहर में बिजली कंपनी द्वारा घटिया केबल लगाई जा रही है।

## गंदे नर्मदा जल का हो रहा नगर में वितरण

सोहागपुर। शहर में तीन दिन बाद नर्मदा जल का वितरण उचित रूप से प्रारंभ हुआ है। लेकिन वर्तमान में पाइप लाइन से गंदा नर्मदा जल घरों तक पहुंच रहा है। शुक्रवार को भी गौतम वार्ड में स्वच्छ नर्मदा जल की प्राप्ति नहीं हुई। जिसके कारण नागरिक नाखुश नजर आए। नागरिकों ने मांग की है कि नर्मदा जल के वहर स्थित फिल्टर पाइंट की पर्याप्त सफाई की जाए।



# जीनियस प्लेनेट स्कूल में 'फन विद केमिस्ट्री' वर्कशॉप का हुआ आयोजन, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लेनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाल ही में कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए 'फन विद केमिस्ट्री' सेमिनार का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों को रसायन विज्ञान के सिद्धांतों को रोचक और व्यावहारिक तरीके से समझाना था। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में आए श्री सुनील आनंद ने छात्रों को रसायन विज्ञान के कुछ दिलचस्प प्रयोग करके दिखाए।



उन्होंने बताया कि किस तरह कुछ रसायनों का उपयोग करके ऐसी घटनाएं घटित की जा सकती हैं, जिन्हें अक्सर लोग जादू मान लेते हैं। उन्होंने पोटेशियम परमैंगनेट और ग्लिसरीन के बीच होने वाली रासायनिक प्रतिक्रिया को प्रयोग के माध्यम से दिखाया, जिससे ऊष्मा उत्पन्न होती है। श्री आनंद ने छात्रों को समझाया कि यह कोई जादू नहीं, बल्कि विज्ञान का एक सिद्धांत है, जिसका उपयोग करके लोग अक्सर दूसरों को भ्रमित करते हैं। श्री आनंद ने यह भी बताया कि हमारे दैनिक जीवन में कई ऐसी चीजें होती हैं जो केवल विज्ञान के कारण ही संभव हैं। उन्होंने छात्रों से विज्ञान से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जैसे प्रकाश की गति (speed of light) और थॉमस एडिसन के आविष्कारों के बारे में। कार्यक्रम के समन्वयक प्रदीप जैन ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई से संबंधित कार्यों के लिए ही करें ताकि उनकी एकाग्रता बनी रहे। इस अवसर पर केमिस्ट्री शिक्षक अनूप दुबे भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत संस्था के निदेशक जाफर और मनीता सिद्दीकी ने किया।

# बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के लिए अवसर विषय पर कुसुम महाविद्यालय में हुई कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में आज स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में एकदिवसीय *बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर एवं बैंकिंग जागरूकता* विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया l अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की l छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई l महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के ढेरों अवसर हैं और यह एक स्थिर व आकर्षक करियर विकल्प प्रदान करता है, जबकि बैंकिंग जागरूकता वित्तीय रूप से जागरूक समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना अति आवश्यक है। डॉ जया कैथवास ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला l कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अजमत अली अंसारी शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक सिवनी मालवा ने विद्यार्थियों को बताया कि बैंकिंग क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं, जैसे ग्राहक सेवा, विश्लेषण, निवेश और प्रबंधन, जबकि बैंकिंग जागरूकता वित्तीय समावेशन, बेहतर बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय साक्षरता के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण है। बैंकिंग में स्थिर आय, अच्छी वेतन वृद्धि और पदोन्नति के स्पष्ट रास्ते होते हैं, जिससे यह एक आकर्षक करियर विकल्प बन जाता है। विशिष्ट अतिथि पवन कुमार सोनी उप प्रबंधक बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा सिवनी मालवा ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, बैंक टेलर, क्लर्क, और डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसी भूमिकाओं से लेकर प्रोबेशनरी ऑफिसर आदि के कई अवसर हैं।



# डोल ग्यारस समिति सोहागपुर की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एक सदी से अधिक समय से सोहागपुर में श्री गणेशोत्सव दौरान डोल ग्यारस समिति विविध धार्मिक आयोजन करती आ रही है। वर्तमान वर्ष में होने वाले आयोजनों को लेकर शुक्रवार को सोहागपुर डोल ग्यारस समिति की बैठक मां महाकाली मंदिर में की गई। जिसमें आयोजनों पर चर्चा की गई है।

सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की बैठक क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों के अनुसार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम इस वर्ष भी परंपरा अनुसार होंगे। समिति द्वारा पूर्व में निर्धारित वार्षिक सदस्यता शुल्क 600 रुपये यथावत रखी गई है। साथ ही सदस्य संख्या भी बढ़ाई जाएगी। तीन सितंबर 2025 को डोल ग्यारस पर्व के कार्यक्रम स्थानीय रानी लक्ष्मीबाई मंच पर होंगे। तथा इसी मंच पर अनंत चतुर्दशी को सांस्कृतिक आयोजन समिति कराएगी। गजेंद्र सिंह चौधरी, राकेश चौधरी तथा नीरज चौधरी ने बताया कि सोहागपुर की 100 वर्षों से अधिक पुरानी डोल ग्यारस की परंपरानुसार इस वर्ष भी इनामी भजन व डंडा प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

## प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के जन्मदिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# ग्राम जमानी में हुआ 'निठल्ले की डायरी' नाटक का जीवंत मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के 101वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके गृहग्राम जमानी में एक भव्य विचार गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन हरिशंकर परसाई जन्मोत्सव समिति और कांग्रेस विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में देश भर से साहित्यकार, राजनेता, रंगकर्मी और आम जनता शामिल हुई। कार्यक्रम के सूत्रधार हेमंत दुबे ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी और अतिथियों का स्वागत किया।



### 'निठल्ले की डायरी का जीवंत मंचन

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण जबलपुर के विवेचना रंग मंडल द्वारा हरिशंकर परसाई के प्रसिद्ध व्यंग्यों पर आधारित नाटक 'निठल्ले की डायरी का मंचन था। इस नाटक ने राजनीतिक और सामाजिक कुरीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब डेढ़ घंटे चले इस मंचन में कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को कुर्सियों पर बांधे रखा। इस नाटक में 'कक्का जी का किरदार निभाने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी और अभिनेता नवीन चौबे के अभिनय की विशेष प्रशंसा हुई।

### हरिशंकर परसाई सम्मान

इस वर्ष का हरिशंकर परसाई सम्मान वरिष्ठ रंगकर्मी और अभिनेता नवीन चौबे को प्रदान किया गया। नाटक 'निठल्ले की डायरी में अपने शानदार अभिनय के लिए प्रसिद्ध नवीन चौबे ने इस नाटक के अब तक एक हजार से अधिक मंचन किए हैं।

कार्यक्रम में आए अतिथियों ने परसाई जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार साझा किए। गुरदीप सिंह सप्पल (राज्यसभा टीवी के प्रथम डायरेक्टर) ने कहा कि आज के समय में जब धर्म के नाम पर लोगों को उलझाया जा रहा है, तब परसाई की लेखनी और भी प्रासंगिक हो गई है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज परसाई जी ऐसा लिखते तो शायद उन्हें जेल जाना पड़ता। परसाई ने अपने लेखन में जिस समाज की कल्पना की थी, आज हम उसी समाज में जी रहे हैं, जहां तर्क खत्म हो चुके हैं और भीड़ तैयार हो रही है। पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद नीखरा ने बताया कि परसाई जी ने ही उन्हें कांग्रेस में शामिल होने की सलाह दी थी। उन्होंने आज के समाज में लोगों को बांटने की हो रही साजिशों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि हमें इससे बचना होगा।प्रसिद्ध व्यंग्यकार संपत सरल ने धर्म के राजनीतिक उपयोग और मौजूदा शासकों द्वारा अपनाई जा रही 'तमाशेवाला राजा की शैली पर तीखे व्यंग्य किए। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि परसाई जी की जन्मभूमि पर आकर उन्हें बेहद खुशी हुई है।

### प्रदर्शनी और अन्य गणमान्य व्यक्ति

कार्यक्रम की शुरुआत से पहले, प्रसिद्ध व्यंग्यकार संपत सरल ने बालेंदु परसाई 'बाप के कार्टूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद नीखरा, नवीन चौबे, राजेंद्र चंद्रकांत राय, गुरदीप सिंह सप्पल, भूपेंद्र गुप्ता, अश्वनी दुबे, प्रोफेसर कश्मीर सिंह उप्पल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कुशाअमावस्या आज

पिपरिया। कुश अमावस्या पर डांस कुशाग्र साल इस दिन घर पर निमंत्रण करके लायाजाता है। जो अत्यंत पवित्रहोता है। इसके बड़े नुकीले सर सेलेकर जड़ तक लाने का विधान है। यह विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा इसी दिन लायाजाता है। लगातार एक वर्ष तक चलता है। भारतवर्ष में सनातन हिंदू लोगइसे पूजा श्राद्ध आदि में काम में लाते हैं श्राद्ध तर्पण बिना कुश केसभव नहीं है। इसकी उत्पत्ति भगवान 12है के द्वारा उनके रोम से गिरेपानी सेमानी जाती है। मान्यता है जब सीता जी पृथ्वीमे समाई थी। तो राम जी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया था किंतु उनके हाथ मेंकेवल सीता जी के केस आ गए थे तभी से उसके आसपास का घास अभी भी कांटा नहीं जाताहै। कुश की बनीअगूठी पूजनमे उपयोग किया जाता है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील नर्मदापुरम ग्रामीण जिला नर्मदापुरम**

क्रमांक,917 / प्रचा. ना. तह. / 2025
नर्मदापुरम दिनांक.21/08/2025

// सार्वजनिक उद्घोषणा //

विष्यान्तर्गत लेख है कि न्यायालय नायब तहसीलदार नर्मदापुरम (ग्रामीण) अंतर्गत नक्शा बटांकन का प्रकरण क्रमांक 0044/अ-3/2024-25 अंतर्गत आवेदक श्री बसंत कुमार दुबे आ. श्री चंद्रमोहन दुबे निवासी सिद्देश्वर परिसर कलेक्टर बंगले के सामने मालाखेडी रोड तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम आगराकला तहसील व जिला नर्मदापुरम स्थितु भूमि खसरा नंबर 52/1 रकवा 0.1210 हे., भूमि का नक्शा बटाकन किये जाने बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नक्शा बटांकन के संबंध में किसी भी आमजन को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 28.8.2025 तक न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**नायब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण**

## खबर संक्षेप

### हरदा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट आज

**हरदा।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट 24 अगस्त को प्रातः 9 बजे से द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल, छीपानेर रोड़ हरदा में आयोजित किया गया है। टूर्नामेन्ट में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### 24 घंटों में जिले में 5 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 5.6 मि.मी., टिमरनी में 6.2 मि.मी., खिरकिया में 2.8 मि.मी., सिराली में 8.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 777.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 665.8 मि.मी., टिमरनी में 978.4 मि.मी., खिरकिया में 845.9 मि.मी., सिराली में 716.3 तथा रहटगांव में 680.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 22 अगस्त तक 686.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

### मासिक सैनिक सम्मेलन 28 को

**हरदा।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, नर्मदापुरम कमाण्डर अनुराग सक्सेना (से.नि.) द्वारा मासिक सैनिक सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे से मण्डी विश्राम गृह हरदा में आयोजित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कहा कि जिला हरदा एवं उसकी सभी तहसीलों व ग्रामों के पूर्व सैनिक, विधवाओं एवं उनके आश्रित मासिक सैनिक सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

### बाइकसवार को ट्रक ने कुचला, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** एक बाइकसवार को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में मजदूर की दबने से मौत हो गई। वह मजदूरी करके घर लौट रहा था तभी हादसे का शिकर हो गया। अपने बेटे की मौत की जानकारी लगते ही मां बेसुध हो गई। लोगों ने उन्हें संभाला। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे खेड़ीपुरा नाके के पास हुआ। बुरहानपुर से केले लेकर आ रहे आइसर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सकुर कालोनी निवासी सोनू कोरी (25) के रूप में हुई। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। सोनू सुबह से पलासनेर में यूरिया की हम्माली कर रहा था। काम खत्म होने के बाद वह अपने चाचा की बाइक लौटाने के लिए हरदा आ रहा था। लोगों ने बताया कि हादसे के समय बुरहानपुर की तरफ से आ रहे केले से भरे ट्रक (एमपी 09 जीएए 0160) के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी। युवक का सिर आइसर के पिछले पहिए में कुचल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां बेसुध हो गईं। मृतक के दोनों भाइयों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। सोनू के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन भाई और तीन बहनें हैं। टीआई संतोष सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने आइसर चालक को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया जा रहा है।

### अब 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

---

शिक्षक विद्यार्थियों का होमवर्क जरूर जांचें, उनकी गलतियों को सुधरवाएं

# नेत्र दोष से पीड़ित छात्रों की जांच कर उनको चश्में उपलब्ध कराएं: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी स्कूलों में नेत्र दोष से पीड़ति विद्यार्थियों के नेत्रों की जांच कर उनको उपयुक्त चश्में प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि नेत्र दोष से पीड़ति कोई भी विद्यार्थी जांच एवं चश्में की उपलब्धता से वंचित न रहे। शुक्रवार को आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में कलेक्टर ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण व्यवस्था के तहत स्कूलों में गणित विषय की अभ्यास पुस्तिका विद्यार्थियों तक नहीं पहुँचने के मामले को गंभीरता से लिया एवं कहा कि अविलम्ब उक्त अभ्यास पुस्तिकाएं विद्यार्थियों तक पहुँचाई जाएं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त सिंह पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित जिले के शिक्षा विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।

#### विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा की

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित गुणात्मक सुधार लाने के लिये शिक्षकों को निरन्तर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों का होमवर्क जरूर जांचें एवं होमवर्क में जो गलतियां पाई जा रही हैं उनको सुधरवाएं। बैठक में कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही कहा गया कि शाला त्यागी बच्चों के शाला से बाहर रहने के कारणों को तलाशें एवं यथा सम्भव उन कारणों का निराकरण कर उन्हें स्कूल आने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति भुगतान में लापरवाही न हो। उन्होने सभी स्कूलों में खेलकूद का एक कालखण्ड अवश्य आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि स्कूलों में उपलब्ध खेलकूद सामग्री विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाए। ग्राम डेबराबंदी (गोलीढाना) में 4 लाख 41 हजार रूपये की लागत से प्राथमिक शाला भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये भी बैठक में सहमति व्यक्त की गई।

#### ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी करें

कलेक्टर ने माय शिक्षक एप पर ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा शिक्षा विभाग अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना अंतर्गत जिले के पात्र 70 विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्कूटी वितरण कराने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में जिले के करताना, खिरकिया एवं अबगांव कला में संचालित सांदीपनी विद्यालयों में आकांक्षी नामांकन के आधार पर आसपास के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रवेश कराये जाने की स्थिति की भी कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकिल वितरण कार्य की प्रगति की भी कलेक्टर ने जानकारी ली।

---

गाजर घास उन्मूलन सप्ताह

# हानिकारक प्रभावों से परिचित कराया गया



हरदा। कृषि विज्ञान केंद्र हरदा में 16 से 22 अगस्त तक गाजर घास उन्मूलन सप्ताह अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस दौरान स्कूली बच्चों, महिलाओं, किसान और मजदूरों को इसके हानिकारक प्रभावों से परिचित कराया गया। यह बताया गया कि गाजर घास का पौधा हर तरह के वातावरण में उगने की क्षमता रखता है। यह हर तरह की भूमि में उग जाता है, चाहे वह भूमि जलमग्न हो या पथरीली, चाहे शुष्क हो। यह सभी स्थानों पर देखने को मिलते हैं। यह एक विषैला हानिकारक प्रकृति का खरपतवार है। इसके संपर्क में आने से त्वचा में चकत्ते हो जाते हैं। इसके पराग वायुमंडल में फैल कर संवेदनशील व्यक्तियों को अस्थमा श्वसन विकार आदि उत्पन्न कर सकते हैं। लंबे समय तक इनके संपर्क में आने से कंजेक्टिवाइटिस और नेत्र संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसके साथ ही यह न केवल फसल की उत्पादकता को गंभीर रूप से घटाता है बल्कि जैव विविधता और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। पशुओं द्वारा इसके उपयोग से दूध की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके साथ ही गाजर घास एक बहुआयामी खतरा है, जिससे निपटने के लिए सामूहिक एवं सतत प्रयास करने चाहिए। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों कुमारी जागृति बोरकर एवं डॉक्टर ओमप्रकाश भारती ने इसे समूल नष्ट करने के उपाय बताए है। उन्होने बताया कि खरपतवार को फूल आने से पहले नम भूमि से उखाड़ कर इकट्ठा करके जला देना चाहिए। खरपतवार नाशक जैसे ग्लाइफोसेट 2-4डी के प्रयोग से भी इसको नष्ट किया जा सकता है। साथ ही इसे जैविक नियंत्रण अंतर्गत मैक्सिकन बीटल से भी नष्ट किया जा सकता है। यह केवल गाजर घास के पत्तियों को ही खाता है। साथ ही चाकोड़ा को भी गाजर घास वाले स्थान पर डालने से कुछ समय उपरांत गाजर घास खत्म हो जाता है। इस कीड़े को प्राप्त करने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय महाराजपुर जबलपुर से संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु कृषि विज्ञान केंद्र से भी संपर्क किया जा सकता है।

---

कलेक्टर ने इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया

# स्टेडियम के सामने साफ-सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार शाम को जिला मुख्यालय पर स्थित इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, ब्लाक समन्वयक सलमा खान उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जिम के लिये आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होने स्टेडियम सामने साफ-सफाई व्यवस्था के लिये भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

---

# प्राथमिक, माध्यमिक, कक्षा 1 से 8 तक संचालित संयुक्त माध्यमिक शालाओं में प्रबंधन समितियों का गठन 29 को

राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्ट्रर्स को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं कक्षा 1 से 8 तक संचालित संयुक्त माध्यमिक शालाओं में शाला प्रबंधन समितियों का गठन 29 अगस्त को किया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने सभी जिलों के कलेक्ट्रर्स को एसएमसी गठन के लिये समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिये विस्तृत निर्देश पत्र जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के बेहतर प्रबंधन एवं शैक्षिक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए शाला प्रबंधन समितियों का गठन दो वर्षीय कार्यकाल के लिये किया जाता है। समितियां बच्चों के शाला नामांकन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तायुक्त शिक्षा और अधोसंरचना कार्यो के साथ बच्चों के बहुआयामी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

#### शाला प्रबंधन समितियों में ये लोग होंगे शामिल

शाला प्रबंधन समितियों में शाला में अध्ययनरत बच्चों के 14 पालक, शाला के प्रधान शिक्षक, वरिष्ठतम् महिला शिक्षिका तथा स्थानीय वार्ड के पंच/पार्षद तथा स्थानीय निकाय के सरपंच/अध्यक्ष/महापौर द्वारा नामित अन्य वार्ड की एक महिला पंच/पार्षद के रुप में निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं। इन समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन विद्यार्थियों के अभिभावकों में से किया जाता है। वहीं शाला के प्रधान शिक्षक समिति के सदस्य सचिव होते हैं। शासन द्वारा शाला के स्थानीय प्रबंधन के अधिकार भी इन समितियों को सौंपे गए हैं। प्रदेश के लगभग 83 हज़ार प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में आगामी 29 अगस्त 2025 को गठित होने वाली इन समितियों का कार्यकाल, आगामी 2 शैक्षणिक सत्रों के लिए निर्धारित होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों एवं अभिभावकों से 29 अगस्त-2025 को स्कूल पहुंचकर, शाला प्रबंधन समिति से जुड़ने और शालाओं के विकास कार्यों में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।

---

# सूने घर को बनाया निशाना, चोरों ने उड़ाए लाखों के गहने और नकदी, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जो कि भैरूंदा पुलिस के लिए एक चुनौतियां भी साबित हो रही है। ताजा मामला नगर के गांधी चौक छोटा बाज़ार का है, जहां बीते सोमवार की रात में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीबन दो लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगर के छोटा बाजार गांधी चौक निवासी गोपेश शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हुई थी। वह अपने माता पिता के साथ दूसरे मकान में रह रहे थे। इस दौरान उनके मकान में सोमवार की रात को चोरों ने निशाना बनाया। सोने, चांदी के जेवर सहित एक लाख रुपए नगद घर से उठा ले गए। चोरी के दौरान चोरों ने पूरे घर को तहस-नहस कर दिया। इस



घटना की जानकारी मिलते ही भैरुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिस प्रशासन ने मौका मुआयना किया। वही सीहोर जिले से आए फिंगरप्रिंट और दाग स्पॉट के विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भैरुंदा नगर सहित ग्रामीण में भी लगातार अज्ञात चोरों का आतंक फैला हुआ है। तो वहीं लगातार नगर में चोरी को अंजाम भी दे रहे हैं। और पुलिस प्रशासन को चुनौतियां भी पूर्व में भी अलग अलग कॉलोनिया में सुने घरों में चोरों ने चोरी को अंजाम दिया था। हालांकि इनमें से छुटपुट हुई चोरियां का खुलासा भी किया है। लेकिन अब तक बड़ी चोरियों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। चोरी की घटना से परिवार आस लगाए हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और अपराधियों को गिरफ्तार करने की दरकार भी है।

### पैसों के विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**सीहोर।** नगर में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने दो भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना एक दिन पहले (20 अगस्त) रात 9:15 बजे की है। असलम खान अपने भाई अफसर खान के साथ मूडला कला रोड से घर जा रहे थे। इसी दौरान शाहिद खान उर्फ नान्टी ने उन्हें रोका। पैसों की मांग को लेकर विवाद शुरू हुआ। शाहिद ने असलम खान की पीठ में चाकू मार दिया और धक्का देकर गिरा दिया। इससे असलम के घुटने में भी चोट आई। जब अफसर खान अपने भाई को बचाने आया, तो शाहिद ने उस पर भी हमला कर दिया। उसने अफसर की छाती के नीचे पेट में और बाएं हाथ के अंगूठे में चाकू मार दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मंडी थाना पुलिस ने मामले में धारा 109, 118(1), 296, 351(2) के तहत केस दर्ज किया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में है। टीम ने मुंडला कलां निवासी 30 वर्षीय शाहिद उर्फ नान्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

---

विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

# विभिन्न प्रकार की जानकारी देकर लोगों को किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को एस. एस. जी. बी. हायर सेकंडरी स्कूल हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव चंद्रशेखर राठौर ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के तहत पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना, की जानकारी उपस्थितजनों को दी। उन्होने बताया कि इस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है।

न्यायाधीश एवं सचिव राठौर ने बताया कि आमजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर अथवा पत्र के माध्यम से, नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अथवा 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में शिक्षकगण छात्र-छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर सुरेन्द्र कौर उपस्थित रहे। इसी प्रकार गुरूवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम एवं वनस्थली ऐकेडमी, हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश एवं सचिव श्री राठौर ने उपस्थित वृद्धजनों को वृद्धाश्रम में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

सीहोर। मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल पर करें।

---

खस्ताहाल सड़क का शीघ्र होगा निर्माण कार्य शुरू, क्षेत्रवासियों में खुशी

# तीन लाख 30 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सड़क से क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

वार्ड क्रमांक 10 के क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। लंबे समय से खस्ताहाल सड़क के कारण क्षेत्रवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से तीन लाख 30 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों में खुशी है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन और नपाध्यक्ष श्री राठौर का क्षेत्र के पार्षद विवेक राठौर सहित अन्य ने स्वागत किया।




इस मौके पर वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद श्री राठौर ने बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिव मंदिर से प्रभा राठौर तक का मार्ग काफी जर्जर हो गया था, बारिश के दिनों में खस्ताहाल सड़क के कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब शीघ्र ही इस समस्या से निजात मिलेगी और 3 लाख 30 हजार की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। इधर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता श्री महाजन ने क्षेत्रवासियों से नगर को सुंदर और स्वच्छ रखने की अपील करते हुए कहाकि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था की जा रही है, वार्डों से कचरा एकत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि शहर को नंबर बनाए जाने में अमले का सहयोग करें। भूमि पूजन के दौरान प्रमुख रूप से कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, रीना मिश्रा, रमाकांत समाधिया, ओम प्रकाश मिश्रा, डीआर मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार योगेश उपाध्याय आदि मौजूद थे।।

---

# पशु क्रूरता का मामला दर्ज, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगर में पशु क्रूरता का एक मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। घटना 20 अगस्त 2025 की रात करीब 12:30 बजे की है। फॉरेस्ट कॉलोनी सीहोर निवासी हिमांशु परमार ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने पुराना बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को गोवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते हुए देखा। शिकायतकर्ता ने घटना का वीडियो भी बनाया।

#### पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया जुर्म

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण चढ़ोकर और थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और शिकायतकर्ता द्वारा दी गई वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान प्यारे मियां के रूप में हुई है, जो पुराना बस स्टैंड सीहोर का रहने वाला है।